हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 13 जुलाई 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

12 पत्नी और प्रेमी ने मिलकर रची साजिश जंगल में क्रिकेट ...



13 विधायक ने किया 3.91 करोड़ के कार्यों का ...



# निगम दस्ते ने हटाया चित्रकोट मार्ग से दुकानदारों का बेजा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर को स्वच्छ,सुंदर और व्यवस्थित रखने के साथ यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की मंशा को लेकर नगर निगम पिछले 3 माह से शहर के व्यवसायिक क्षेत्र वाले चिन्हित मार्गो पर अतिक्रमण करने वालो से कब्जा हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को निगम का तोड़ूदस्ता शहर के सर्वाधिक व्यवस्तम सड़क अनुपमा चौक(भगवान परशुराम चौक) से धरमपुरा पीजी कॉलेज के मध्य अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कब्जा खाली करने का अभियान चलाया। खासबात है कि पूरे अभियान में छोटे या बड़े दुकानदार जैसे कोई अवसर नही दिखा। बल्कि जिन दुकानदार के द्वारा दुकान से बाहर तक अपने समान सजाए रखे थे उसे जब्त किया गया। साथ दुकान के बाहर तक बनाए शेड को काटने वाली मशीन से काटकर कब्जा मुक्त किया गया। इस कार्रवाई में बड़े व्यवसाई भी चपेट में आये। कोई राजनीति हस्तक्षेप पर कोई सुनवाई नही हुई। तोड़ूदस्ता को आयुक्त प्रवीण वर्मा से मिले आदेश पर नियमतः कार्रवाई की गई। तोड़ूदस्ता के इस कार्रवाई के बाद पूरे दुकानदारों में हड़कम्प रहा। अतिक्रमण कार्रवाई में निगम के तोड़ूदस्ता को पुलिस जवानों का अच्छा सहयोग मिला। कारवाई की चपेट में करीब 70 से 80 दुकानदार आये। कार्रवाई में निगम के राकेश ⏭ शेष पेज 12 पर

## निगम का तोड़ूदस्ता व पुलिस बल का मिला भरपूर सहायता, दुकानदारों में हड़कम्प





### दुकान के बाहर रखे बोर्ड जब्त

कार्रवाई में सम्मलित निगम का तोड़ूदस्ता दुकान के बाहर रखे बोर्ड,प्रतिमा को जब्त कर अपने साथ ले गई। जबकि दुकान के बाहर रखे सामग्रियों को अंदर रखवाया। निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने दुकानदारों को समझाईश देते कहा कि यह शहर आपका है। शहर को स्वच्छ, सुंदर और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखना हम सबका दायित्व है। समझाईश के बाद भी किसी भी दुकानदारों द्वारा जानबूझकर अनसुना किया जाता,तो भविष्य में बाहर रखे दुकानों के सामान जब्त किए जाएंगे, साथ ही जुर्माना वसूला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने किया बीज उत्पादन केंद्र का निरीक्षण

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने शनिवार को मत्स्य विभाग के ग्राम बालेंगा में स्थित मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बीज उत्पादन केंद्र में उत्पादित मछली सीड का अवलोकन किया। इसके साथ ही मछुआ समिति से मत्स्य पालन और रोजगार के अवसर पर चर्चा किए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, मत्स्य विभाग के अधिकारी मोहन राणा, सीईओ जनपद चुरेन्द्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मेंटनेंस व नया ट्रांसफार्मर लगाने में 7 घंटे रही बत्ती गुल



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी ने जगदलपुर जोन के उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शनिवार को लाईन का मेंटनेंस, ट्री कटिंग एवं नया ट्रांसफार्मर लगाने में सुबह 10 बजे से 5.30 बजे तक यानि 7 घंटे बिजली बंद रही। जिससे जहां उपभोक्ता परेशान रहे वहीं दूसरी कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव के निर्देश पर सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, चिराग साहू लाईनमेन के साथ दिन भर जुटे रहे। इससे पुराना ज्योति टाकीज रोड, राजमहल परिसर के पीछे, मस्जिद, बगीचा पारा, मुक्तिधाम, पुराना पुल, कोहकापाल, राजामठ पारा, लकड़ी डिपो, चांदनी चौक, पूनम होटल के आसपास, महारानी वार्ड, कोतवाली, निर्मल विद्यालय, पुलिस पेट्रोल पंप आदि के उपभोक्ता प्रभावित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में छत का सीलिंग गिरा, टला बड़ा हादसा



**भोपालपटन।** बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत रूद्रारम के कोनागुड़ा आंगनबाड़ी केंद्र में एक बड़ा हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार 5 बजे के आसपास केंद्र की छत का सीलिंग अचानक गिर पड़ा। उस समय केंद्र बंद था और बच्चे या स्टाफ वहां मौजूद नहीं थे जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। यदि यह घटना सुबह के समय जब केंद्र में बच्चों की उपस्थिति होती है तब घटित होती, तो एक बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था। स्थानीय लोगों ने घटना को गंभीरता से लेते हुए शासन-प्रशासन से मांग की है कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों की संरचनात्मक स्थिति का परीक्षण कराएं और जर्जर भवनों की शीघ्र मरम्मत या पुनर्निर्माण सुनिश्चित करें। समय रहते सुरक्षा उपायों पर ध्यान न दिया गया तो भविष्य में ऐसी लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे सांसद

**जगदलपुर।** वन विभाग द्वारा 13 जुलाई को ग्राम जीरागांव, माचकोट परिक्षेत्र में सुबह 9.30 बजे लाख पालन कार्य को बढ़ावा देने साथ ही लाख कृषकों से भेंट करने एवं चरण पादुका वितरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप होंगे।

## 16 जुलाई को जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय में रैली कर ज्ञापन सौंपेगा फेडरेशन

# मोदी की गारंटी लागू करवाने फेडरेशन ने किया चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- कलम रख, मशाल उठा आंदोलन, 22 अगस्त को प्रदेश बंद

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ शासन को मोदी की गारंटी लागू करने का नोटिस दिया है। फेडरेशन के बैठक में तय हुआ है कि प्रथम चरण में 16 जुलाई को राज्य के सभी ब्लॉक तथा जिलों में रैली निकालकर मोदी की गारंटी लागू करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। गौरतलब है कि फेडरेशन ने विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश के कर्मचारियों से किया गया मोदी की गारंटी का वादा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरा नहीं करने के कारण चरणबद्ध आंदोलन किया था। वादाखिलाफी के विरुद्ध पुनः आंदोलन का शंखनाद कर दिया गया है। कलम रख, मशाल उठा आंदोलन की तैयारी को लेकर आज जिला मुख्यालय जगदलपुर में समस्त कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष सहित प्रमुख पदाधिकारी की बैठक संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान, अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव, जिला संयोजक आरडी तिवारी तथा प्रांतीय प्रचार मंत्री टारजन गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण में 16 जुलाई को बस्तर जिले के सभी ब्लॉक तथा जिला मुख्यालय में वादा निभाओ रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर,एसडीएम को ज्ञापन दिया जायेगा। यदि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने में रुचि नहीं दिखाया तो 22 अगस्त को बस्तर के कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश में रहकर राज्यव्यापी कलम बंद काम बंद हड़ताल करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा नहीं किया तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेने बाध्य होगा। फेडरेशन के कहना है कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी का घोषणा हुआ ⏭ शेष पेज 12 पर



### चार स्तरीय समयमान वेतनमान कब लागू होगा

फेडरेशन ने प्रदेश में चार स्तरीय समयमान वेतनमान,प्रदेश के सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान,अर्जित अवकाश 240 दिन के स्थान पर 300 दिन करने,प्रदेश में कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों सहित शासकीय सेवक कल्याण के अनेकों मुद्दों का ज्ञापन राज्य सरकार को समय-समय पर दिया है। लेकिन सरकार कर्मचारियों के मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है। फेडरेशन ने कर्मचारी हित में पुनः 11 सूत्रीय ज्ञापन राज्य सरकार को दिया है।

### सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर की जाएगी

प्रदेश के लिपिकों,सहायक शिक्षकों एवं अन्य संवर्ग के लिए वेतन विसंगति दूर करने के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। फेडरेशन से घटक संगठनों के अजय श्रीवास्तव,अनिल गुप्ता,रज्जी वर्गीस,नलिन शुक्ला,नारायण सिंह मौर्य,आनंद कश्यप, राकेश दुबे,सुनील भटनागर,मनोज कुमार,देवदास कश्यप,धनंजय देवांगन, डॉ अखिलेश त्रिपाठी,देवराज खूंटे, गणेश्वर नायक,जागेश्वर सिंहा,गायत्री मरकाम,अनिल यादव,मनीष श्रीवास्तव,पीजी राव,मोतीलाल वर्मा, पंकज सेठिया,अंशुमाली वर्मा,दिलीप चौरसिया, पल्लव झा,उदय किशोर पाण्डेय, उमेश मेश्राम,राजेंद्र पांडेय, आरपी मिश्रा,जीएल यादव,संजय वैष्णव,रवि नारायण,देवेंद्र धरुतलहरे,तोकापाल संयोजक जोगेंद्र कश्यप,बकावंड संयोजक संजय चौहान तथा महिला प्रकोष्ठ से आशादान,नीलम मिश्रा, हेमलता नायक, भावना दीक्षित आदि ने 16 जुलाई को आयोजित वादा निभाओ रैली को सफल बनाने कर्मचारी जगत से आव्हान किया है।

## जंगल में नक्सलियों का डंप विस्फोटक बरामद





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

- कोंटा थाना क्षेत्र से सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता

सुकमा जिले के कोंटा थाना क्षेत्रांतर्गत पीलावाया के जंगल में नक्सलियों के छुपाये हुए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री को सुरक्षा बलों ने बरामद किया है। सुरक्षा बलों के खिलाफ बड़े हमला की तैयारी के तहत मा ओ वा दि यों द्वारा छिपाये गये थे। विस्फोटक सामग्री को बरामद करने में डीआरजी टीम की विशेष सूचना शाखा एवं 218 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को यह सफलता मिली है।

ज्ञात हो कि जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को सुकमा डीआरजी टीम एवं 218 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु थाना कोंटा अंतर्गत ग्राम पीलावाया के जंगल क्षेत्र में रवाना हुये थे। अभियान के दौरान सुबह लगभग 9 बजे ग्राम पीलावाया के जंगल में नक्सलियों के द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से छुपाकर रखे भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया। सभी जवान सुरक्षित बरामद सामान लेकर कैम्प वापस लौटी।

### सामग्री बरामद

कोडेक्स वायर 25 बंडल, डेटोनेटर इलेक्ट्रिक 25, बिजली वायर 3 बंडल, खाली टिफीन 1, नक्सल वर्दी 1, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक सामग्री जब्त की गई।

## अनुपस्थित शिक्षकों सहित भृत्यों को शो-कॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- बास्तानार और तोकापाल ब्लॉक में हुई औचक जांच

कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार जिले में शैक्षणिक गतिविधियों को नियमित तौर पर सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के तहत जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने शनिवार को सुबह जिले के बास्तानार एवं तोकापाल विकासखण्ड के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने तोकापाल ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मावलीभाटा का औचक निरीक्षण में कर्तव्य से अनुपस्थित 9 शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित 3 भृत्यों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर समाधान कारक जवाब प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत शनिवार सुबह 7.40 बजे हायर सेकंडरी स्कूल मावलीभाटा के निरीक्षण में व्याख्याता नियमित नगेश कुमार दास, लोकेश कुमार नाग, गेंदकुमारी तिवारी, कुमारी पूजा ठाकुर, अंशुमाला मिंज ,उग्रेश कुमार सोरी, राधाकृष्ण ध्रुव, दुतिका कश्यप एवं अनिता ठाकुर तथा भृत्य बुधमनी बघेल, दीपिका सेठिया व चन्द्रकला बघेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीईओ ने जारी कारण बताओ नोटिस में इन सभी को निर्देशित किया है कि विद्यालय के निरीक्षण के दौरान निर्धारित शाला संचालन समय पर अनुपस्थिति अपने कर्तव्य के प्रति उदासीनता का द्योतक है एवं सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के नियम के सर्वथा विपरित है। अतएव क्यों न इस कृत्य के लिए सम्बंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया की जाए। अतः उक्त संबंध में अपना स्पष्टीकरण तीन दिवस के भीतर सम्बंधित स्वयं अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं होने अथवा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं होने की स्थिति में की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु सम्बंधित स्वयं जिम्मेदार होंगे।



### आमचो बस्तर पहचान पोर्टल के लिए कार्यशाला का आयोजन

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आमचो बस्तर पहचान बस्तर पोर्टल के अंतर्गत, शासकीय योजनाओं की जानकारी अपलोड करने, आवेदनों का निराकरण की प्रविष्टि, शिकायत दर्ज करने व निवारण की प्रक्रिया, डैशबोर्ड और रिपोर्टिंग तंत्र का उपयोग के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसमें विभिन्न विभागों के तकनीकी कार्यों, पोर्टल पर प्रविष्टि को देखने वाले संबंधित ऑपरेटर-कर्मचारी को प्रशिक्षण दिया गया ।

## इंदौर की तर्ज पर स्वच्छता में जगदलपुर को लाना है नम्बर वन पर : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- महापौर ने शहर को स्वच्छता में नंबर वन लाने पार्षदो और ब्रांड एम्बेसडरो से ली राय

शहर को स्वच्छता में नंबर वन लाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयास कर रहा है। सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। महापौर अपनी पुरी टीम के साथ इस बात की चिंता कर रहे हैं कि जगदलपुर को स्वच्छता में नंबर वन कैसे आए। महापौर संजय पाण्डे ने शनिवार की शाम जनप्रतिनिधि, स्वच्छता एम्बेसडर सहित निगम स्टाफ की बैठक टाउन हॉल में ली। उन्होंने बताया इंदौर शहर पिछले सात सालों से ग्रीन सिटी के रूप में जाना जा रहा है। इसी तर्ज पर हमारे शहर को भी स्वच्छता में टॉप पर लाना हमारा उद्देश्य है। पिछले दिनों इंदौर में दो दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया ⏭ शेष पेज 12 पर



### सफाई व्यवस्था को कैसे प्रभावी बनाये

महापौर ने शहर में सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए रणनीति तैयार की। शहर की साफ-सफाई अब इंदौर शहर की तर्ज पर होगी। इसको लेकर टाऊन हाल में योजना बनाई गई। कचरे के निष्पादन, डोर टू डोर कचरे का उठाव और सेग्रीग्रेशन कर हम जगदलपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। संजय पाण्डे ने कहा जगदलपुर नगर निगम इंदौर की सफाई व्यवस्था से प्रेरणा लेकर शहर को इसी तर्ज पर पहचान दिलाएगा ।

## बालकों के प्रकरण में संवेदनशील होकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर

# जगदलपुर में किशोर न्याय अधिनियम पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एवं अन्य हितधारकों के लिए किशोर न्याय

बस्तर कलेक्टर हरीस एस के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा व महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यकम अधिकारी हेमन्त साहू के सहयोग से किशोर न्याय (बालको की देखरेख) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रभावी कियान्वयन एवं किशोर न्याय बोर्ड में लंबित प्रकरणों के समय पर निराकरण के लिए बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों एवं विभिन्न हितधारकों के लिए संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लालबाग स्थित शौर्य भवन में किया गया। कार्यशाल में जिला बाल संरक्षण अधिकारी,डॉ विजय शर्मा द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों तथा अतिथियों को कार्यशाला के उद्देश्य से अवगत कराते हुए।

सभी हितधारको को बालकों के प्रकरण में संवेदनशील होकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए विधि से संघर्षरत तथा देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों के प्रकरण के शीघ्र एवं समय सीमा मे निराकरण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को समय सीमा में संवेदनशीलता के साथ पूर्ण करे,जिससे किशोर बोर्ड में लंबे समय से लंबित प्रकरणो एवं बाल सम्प्रेक्षण गृहों में लंबे समय से निवासरत बालकों के प्रकरणों का समयसीमा मे निराकरण संभव हो सके। इसके लिए सभी स्टेक होल्डर्स को साथ मिलकर समन्वय से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सुश्री मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सहायक ⏭ शेष पेज 12 पर



### सभी विभागों को समन्वय से मिलकर कार्य करना होगा

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित उप संचालक, जिला लोक अभियोजन आरके मिश्रा द्वारा अपने उदबोधन में कहा गया कि बाल अधिकार और उनके संरक्षण के लिए सभी विभागों को समन्वय से मिलकर कार्य करना होगा तभी हम उनके अधिकारों को संरक्षण प्रदान कर पायेगे। जिसमें पुलिस, स्वास्थ्य तथा शिक्षा विभाग की भूमिका पर जोर देते हुए कहा गया कि एक बालक के विरूद्ध हुए अपराध में पुलिस स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग की कार्यवाही अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिसे बच्चों के हित को ध्यान में रखकर किया जाना है। इसके साथ ही उनके द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रक्रियागत त्रुटियों पर प्रकाश डालते हुए बालकों की आयु के संबंध में होने वाले त्रुटी के बारे में बात करते हुए बताया गया कि बालको की आयु प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र,हाई स्कूल प्रमाण पत्र, स्कूल दाखिल खारिज प्रमाण पत्र के आधर पर पाँचवी व आंठवी प्रमाण पत्र को वैद्य बताते हुए बोन टैस्ट एवं दन्त टेस्ट के बारे में बताया गया।

## बाल संसद के माध्यम से बच्चों ने जाना लोकतंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- सेजस अलनार में विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से कराया अवगत

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अलनार में आज बाल संसद का आयोजन अत्यंत ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य था। विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी देना,नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना और जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनका दृष्टिकोण विकसित करना।

इस अवसर पर विद्यालय में एक वास्तविक चुनाव जैसी प्रक्रिया को अपनाया गया, जिसमें छात्रों ने पूर्णतः चरणबद्ध ढंग से भाग लिया। शुरुआत नामांकन से हुई,जहां इच्छुक छात्रों ने विभिन्न पदों हेतु अपना नामांकन दाखिल किया। इसके बाद छात्रों ने चुनाव प्रचार किया,जिसमें उन्होंने अपने विचार, योजनाएं और जिम्मेदारियों को साझा किया। प्रचार के बाद वोटिंग प्रक्रिया कराई गई,जिसमें छात्रों ने गुप्त मतदान के माध्यम से अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। चुनाव की पारदर्शिता और प्रक्रिया की गंभीरता ऐसी थी कि छात्र स्वयं मतदान केंद्र में ⏭ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### कुएंमारी जलप्रपात में गिरने से एक पर्यटक की हुई मौत

**केशकाल।** जिले के केशकाल के कुएंमारी जलप्रपात में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में एक पर्यटक की मौत हो गई है। जानकारी अनुसार रायपुर निवासी संतोष बैध अपने परिवार के साथ कुएंमारी जलप्रपात में घूमने आए थे। तभी वह झरने में फिसलकर नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल उपचार हेतु केशकाल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया । फिलहाल केशकाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। पर्यटक स्थल कुएंमारी जलप्रपात में एक पर्यटक की इस तरह हादसे में मौत होना पर्यटक स्थल में सुरक्षा व्यवस्था की लापरवाही को दर्शाता है। जो जांच का विषय है।

### बाल कैबिनेट एवं इको क्लब का किया गठन



**दुर्गूकोंदल।** शासकीय उमावि आमाकडा में बाल कैबिनेट एवं ईको क्लब का गठन किया गया। बाल कैबिनेट में प्रधानमंत्री डोमेश्वरी कवाची, उप प्रधानमंत्री मनीषा हिडको साथ ही अन्य मंत्रियो का गठन किया गया। इसके उपरांत इको क्लब का गठन किया गया। प्रभारी प्राचार्य शैल पांडे द्वारा सभी मंत्रियों को शपथ दिलाकर बच्चों को पद के महत्व को बताया।संस्था के समस्त शिक्षक गण छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पशु चिकित्सकों ने स्कूली विद्यार्थियों को रेबीज और पॉलीथिन प्रदूषण के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व रेबीज दिवस 28 सितंबर के उपलक्ष्य में, कोण्डागांव पशु चिकित्सा विभाग द्वारा आज प्राथमिक एवं हाई स्कूल नवागांव, मर्दापाल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. एम.बी. सिंह, उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, कोण्डागांव के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को रेबीज रोग, पॉलीथीन प्रदूषण और पशुपालन में करियर की संभावनाओं के बारे में शिक्षित करना था। पशु शल्य चिकित्सक डॉ. ढालेश्वरी ने बच्चों को रेबीज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक जानलेवा वायरस जनित रोग है जो संक्रमित कुत्तों या जंगली जानवरों के काटने से फैलता है। डॉ. ढालेश्वरी ने जोर दिया कि कुत्ते के काटने पर घाव को तुरंत साबुन और पानी से धोना चाहिए और बिना देरी किए पास के स्वास्थ्य केंद्र में एंटी–रेबीज टीका लगवाना चाहिए। उन्होंने पालतू कुत्तों के नियमित टीकाकरण की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## रेबीज रोग, पॉलीथिन प्रदूषण और पशुपालन को बनाया विषयवस्तु

### पॉलीथीन प्रदूषण और करियर मार्गदर्शन

मोबाइल वेटरिनरी यूनिट की प्रभारी डॉ. दीपिका सिदार ने पॉलीथीन प्रदूषण के गंभीर खतरों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को पॉलीथीन मुक्त परिवेश बनाए रखने और जैविक विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि पॉलीथीन मवेशियों के लिए घातक हो सकता है। वेटरिनरी असिस्टेंट सर्जन डॉ. कोर्राम ने विद्यार्थियों को पशु चिकित्सा विज्ञान, डेयरी और फिशरीज जैसे क्षेत्रें में करियर के अवसरों की जानकारी दी, और ग्रामीण युवाओं के लिए पशुपालन को आत्मनिर्भरता का एक सशक्त साधन बताया।



### नि:शुल्क टीकाकरण अभियान

डॉ. एमबी सिंह ने घोषणा की कि विश्व रेबीज दिवस, 28 सितंबर को, कोण्डागांव जिले में एक नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी पालतू और आवारा कुत्तों को टीका लगाया जाएगा ताकि जिले को रेबीज मुक्त बनाया जा सके। पशुपालन विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 28 सितंबर को अपने पालतू कुत्तों को निकटतम पशु चिकित्सालय में नि:शुल्क टीका अवश्य लगवाएं।

## अवैध प्रेम संबंध बना हत्या का कारण, पुलिस ने सुलझाई सनसनीखेज वारदात

# पत्नी और प्रेमी ने मिलकर रची साजिश जंगल में क्रिकेट बैट से की पति की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले के माकड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मगेदा जंगल में मिले एक अज्ञात शव के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। जांच में यह खुलासा हुआ कि हत्या का कारण मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी के बीच अवैध संबंध थे। पुलिस ने फरार आरोपियों विजय उर्फ विदेश मरकाम और रवीना नागरची को गिरफ्तार कर लिया है। इस केस में तकनीकी जांच, सूझबूझ और टीम वर्क ने एक अज्ञात शव से शुरू हुए रहस्य को उजागर कर न्याय सुनिश्चित किया।

■ मगेदा जंगल में मिले शव की गुत्थी सुलझी, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

आरोपियों ने मृतक की हत्या क्रिकेट बैट से की थी। वारदात को अंजाम देने के बाद शव को जलाने का प्रयास किया गया, लेकिन बारिश के कारण शव पूरी तरह नहीं जल सका। 30 जून को मगेदा जंगल पाउरवेल, उड़ीसा मार्ग के पास एक अज्ञात पुरुष का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था। इस पर माकड़ी थाना में मर्ग क्रमांक 27/2025 धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। प्राथमिक जांच में यह हत्या का मामला पाया गया और धारा 103 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मृतक की पैंट में मिली जली हुई एंटी–रैबिस वैक्सीन पर्ची से शव की पहचान धर्मवीर नेताम, उम्र 33 वर्ष, निवासी नाथम जिला धमतरी के रूप में हुई। तमिलनाडु के धरमपुरी अस्पताल से प्राप्त सूचना और मोबाइल नंबर से उसकी पुष्टि की गई। तकनीकी जांच में मोबाइल टावर लोकेशन और डेटा विश्लेषण से पता चला कि घटना के समय विदेश मरकाम की लोकेशन घटनास्थल के पास थी। साथ ही, उसकी और रवीना नागरची की बातचीत की आवृत्ति अत्यधिक पाई गई।



**गिरफ्तार आरोपी**

*विदेश मरकाम उर्फ लम्बू पिता लच्छानाथ मरकाम, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम कंडेतरा, थाना कुदई, जिला नवरंगपुर उड़ीसा, रवीना नागरची उर्फ रवीना नागेश उम्र 23 वर्ष, पत्नी स्व. धर्मवीर नेताम, निवासी उमरगांव, थाना सिहावा, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़ वर्तमान पता ग्राम कुकरेल, थाना केरेगांव।*

### हत्या का प्लान पत्नी रवीना ने प्रेमी के साथ मिलकर रचा

विदेश मरकाम ने पूछताछ में बताया कि वह और रवीना आपस में प्रेम संबंध में थे। मृतक धर्मवीर द्वारा रवीना को लगातार मारपीट कर प्रताड़ित किए जाने से दोनों ने मिलकर उसे मारने की योजना बनाई। रवीना के कहने पर 27 जून को विदेश मरकाम तमिलनाडु जाकर बीमार धर्मवीर को साथ लेकर रवाना हुआ। रास्ते में उसे शराब पिलाकर रायघर उड़ीसा लाया गया। वहां से पेट्रोल और माचिस खरीदी गई। पूर्व नियोजित योजना के तहत मगेदा जंगल में ले जाकर शराब पिलाई गई और क्रिकेट बैट से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की गई, लेकिन बारिश के कारण शव पूरी तरह जल नहीं पाया।

### पुलिस अधीक्षक ने की टीम की सराहना

कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार ने जांच टीम की मेहनत, तकनीकी दक्षता और त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह केस एक मिसाल है कि यदि जांच वैज्ञानिक तरीके से की जाए तो सबसे जटिल मामलों का भी खुलासा संभव है।

### इनका रहा योगदान

निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, सायबर सेल एसडीओपी रूपेश कुमार के नेतृत्व में विशेष जांच दल निरीक्षक विकास बघेल, थाना माकड़ी सायबर टीम एवं तकनीकी विश्लेषण टीम अमिताभ खंडेकर, रीतुराज सिंह, अजय बघेल, बीजू यादव, जितेंद्र यादव, चंदन यादव आदि।

# जोधपुर ढाबा से 36 किलो डोडा पॉपी स्ट्रॉ बरामद, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

जिला कोण्डागांव में नशे के कारोबार पर लगाम कसने हेतु पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में केशकाल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की गई रेड कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ डोडा पॉपी स्ट्रॉ जब्त किया है। आरोपी दिलीप जोशी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया है। केशकाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत जोधपुर ढाबा से 3.600 किग्रा अवैध मादक पदार्थ डोडा पॉपी स्ट्रॉ जब्त किया गया। आरोपी के पास वैध दस्तावेज न होने पर उसे मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जोधपुर ढाबा में नशे का अवैध कारोबार हो रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने गवाहों की मौजूदगी में ढाबे पर रेड की, जहां से मादक पदार्थ बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिलीप जोशी, पिता प्रेमचंद, निवासी गुमाननगर, नाथडाउ, राजस्थान वर्तमान में केशकाल, जिला कोण्डागांव के रूप में हुई है।

■ मुखबिर की सूचना पर हुई त्वरित रेड, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

### एनडीपीएस एक्ट की धारा 15 (ख) के तहत मामला दर्ज

डोडा रखने के संबंध में आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके चलते आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 15(ख) के तहत अपराध दर्ज किया गया और उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं अरुण नेताम के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया।

### कार्रवाई में इन अधिकारियों का योगदान सराहनीय

एसआई अखिलेश धीवर, एचसी लखीराम बघेल, कांस्टेबल मनोहर निषाद, धर्मेंद्र नेगी, लिलेश्वर ध्रुव, विनोद मरकाम, अमित मंडावी, गिरजु मरकाम।

# केशकाल में सेजस कर्मचारी ने अपनी मांगों को लेकर भरी हुंकार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

केशकाल के बाजार मैदान केशकाल में सेजस शिक्षकों एवं कर्मचारियों की बैठक का आयोजन संभाग अध्यक्ष राहुल पांडेय के आदेशानुसार और कोंडागांव जिला अध्यक्ष प्रकर्ष राव पत्की के निर्देशन में बैठक की गई। बैठक में केशकाल ब्लॉक , बड़ेराजपुर ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के शिक्षक गण मौजूद थे।

शासन द्वारा तेजस संविदा शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य करने के बावजूद लगातार 5 वर्षों से एक ही वेतन में कार्य कराया जा रहा है और न ही नियमितीकरण जैसी प्रक्रिया के ऊपर शासन कोई ध्यान है ज्ञात हो की सेजस विद्यालय को खुलने के बाद से छत्तीसगढ़ प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ोतरी हुई है 1 अपनी इन्हीं मांगों को लेकर 20 जुलाई को जिला मुख्यालय में सांकेतिक धरने में बैठने को लेकर चर्चा हुई व मांग न पूरी होने के स्थिति में 1 अगस्त से कलम बंद धरने पर बैठने को लेकर सभी ने अपनी सहमति दी। संघ का कार्य सुचारू रूप से करने के लिए बड़ेराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष युवराज साहू को सर्व सहमति से बनाया गया व मीडिया प्रभारी के रुप में तिलक मानिकपुरी बड़ेराजपुर को चुना गया।


■ 20 जुलाई को जिला मुख्यालय में बैठेंगे सांकेतिक धरने पर

# एनएच-30 में बड़ा हादसा बाइक व ट्रक से भिड़ी कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 फरसगांव नगर के सीबीआई बैंक के सामने शनिवार की दोपहर करीब 2:30 बजे केशकाल की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 04 एनडी 0516 ने पहले बाइक सवार को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी फिर पेट्रोल पंप की ओर मूड रही ट्रक क्रमांक सीजी 17 एसएस 1116 से जा टकरा गई। हादसे में बाइक चालक भंडारवंडी निवासी उमेश यादव पिता निर्घत यादव घायल हो गया। वहीं कार में सवार लोग घायल हो गए। सभी को उपचार हेतु तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया है। इस हादसे में बाइक पूरी तरह और कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बाइक चालक के सर में चोट आई है और कार में सवार लोगों की मामूली चोट आई है।फरसगांव पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच विवेचना कर रही है।

■ बाइक चालक और कार सवार हुए घायल




### अपने गांव जा रहा था शिक्षक का परिवार

*जानकारी अनुसार कार चालक शिवकुमार मंडावी अपने पत्नी मधुमला मंडावी, उनके दो बच्चों और पड़ोसी बुजुर्ग महिला के साथ के साथ कार में सवार होकर कोंडागांव से अपने गृह ग्राम बढवनी (नरहरपुर) जा रहे थे। तभी फरसगांव नगर के एसबीआई बैंक के सामने खड़े ट्रक ने अचानक रॉन्ग साइड पेट्रोल पंप की ओर मूड रहा था। ट्रक के कारण वह हड़बड़ा कर बाइक से टकरा गए फिर ट्रक से भी टकरा गया। कार के सामने सीट में उनकी 5 साल की बेटी दक्षिता मंडावी बैठी थी। जिसे चेहरे और हाथ में चोट आई । वहीं पीछे शीट में बैठे उनकी पत्नी मधुमाला और पड़ोसन बुजुर्ग महिला सगुना मरकाम उम्र 62 वर्ष निवासी नीरा छिन्दली इन सभी को मामूली चोट आई। कार चालक ने किसी तरह कन्ट्रोल किया जिससे ट्रक से धीरे से टकराया। नहीं तो एक बड़ा हादसा हो जाता । कार चालक शिवकुमार मंडावी शिक्षक है जो बांसगांव स्कूल में पदस्थ है वहीं उनकी पत्नी भी शिक्षिका है जो कोकोडी स्कूल में पदस्थ है। जो कोंडागांव में रहते है छुट्टियों में अपने गांव आना जज करते है। वहीं आज भी अपने गांव जा रहे थे कि हादसा हो गया ।*

# छत्तीसगढ़ के अनिमेष कुजूर बने भारत के सबसे तेज धावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के 22 वर्षीय धावक अनिमेष कुजूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन किया है। 5 जुलाई को ग्रीस के वारी शहर में आयोजित ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट मीट में उन्होंने 100 मीटर की दौड़ मात्र 10.18 सेकंड में पूरी कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। छोटे से गांव घुईटांगर से निकलकर अनिमेष ने साबित किया है कि मेहनत से अंतरराष्ट्रीय सफलता हासिल की जा सकती है। अनिमेष कुजूर अब भारत के सबसे तेज धावक बन गए हैं। उन्होंने 100 मीटर दौड़ में 10.18 सेकंड का समय निकालकर गुरिंदरवीर सिंह के 10.20 सेकंड के नेशनल रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। अनिमेष 100 और 200 मीटर दोनों दौड़ में सबसे तेज भारतीय एथलीट हैं। इससे पहले, उन्होंने दक्षिण कोरिया में एशियाई एथलेटिक्स चौंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ 20.32 सेकंड में पूरी करके अपना ही 20.40 सेकंड का नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा था।






### छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ ने दी बधाई

अनिमेष की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर एथलेटिक्स के ट्रैक इवेंट के प्रशिक्षक अब उन्हें देश के लिए ओलंपिक में एक नई उम्मीद के रूप में देख रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अनिमेष को बधाई देते हुए कहा, आपकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि हर युवा को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी, छत्तीसगढ़ को आप पर गर्व है। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष महेन्द्र आहूजा, महासचिव अमरनाथ सिंह, कोण्डागांव के जिला सचिव ऋषिदेव सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों और व्यायाम शिक्षक–शिक्षिकाओं ने भी अनिमेष कुजूर को बधाई दी।

## प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल के नेतृत्व में सामाजिक एकता व विकास पर हुआ मंथन

# कोंडागांव में हुई मरार पटेल समाज की बस्तर जोन स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित इस बैठक की शुरुआत समाज की इष्ट देवी माता शाकम्भरी देवी की पूजा–अर्चना से की गई। यह कार्यक्रम मरार पटेल समाज की बस्तर जोन स्तरीय बैठक के रूप में सम्पन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न इस बैठक में पूरे प्रदेश को एकजुट करने एवं ग्राम स्तर तक संगठन को मजबूत करने की योजना पर चर्चा की गई। प्रत्येक ग्राम समिति से 6 सदस्यों को प्रदेश कार्यकारिणी से जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में जन्म, विवाह और मृत्यु संबंधी सामाजिक जानकारी एकत्र करने की दिशा में प्रयास करने पर भी सहमति बनी। साथ ही सामाजिक जनगणना कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय भी लिया गया। सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत वर्ष 2026 में जिला व जोन स्तरीय महोत्सव आयोजन की योजना को स्वीकृति मिली, जिससे समाज में सांस्कृतिक एकता और जागरूकता को बल मिलेगा।

■ सामाजिक नेतृत्व और कार्यकारिणी की रही मजबूत उपस्थिति



### खर्चीली शादियों पर चिंता, आदर्श विवाह पर बल

*बढ़ते खर्च और सामाजिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से आदर्श विवाह कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने की बात रखी गई। प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श विवाह आयोजित करने का सुझाव दिया गया।*

### सामाजिक नेतृत्व व कार्यकारिणी रही मौजूद

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, कोषाध्यक्ष लीलार सिंह पटेल, उपाध्यक्ष खेलु पटेल, रोहित पटेल, महामंत्री कुबेर पटेल, व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पटेल, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सत्कार पटेल, संगठन मंत्री अशोक पटेल सहित कई जिलों के पदाधिकारी एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सामाजिक एकता के लिए निरंतर प्रयास

प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि मरार समाज एक विकासशील समाज है, जो सामाजिक एकजुटता के साथ निरंतर प्रगति की दिशा में बढ़ रहा है। इस जोन स्तरीय बैठक के माध्यम से समाज के हर क्षेत्र से जानकारी जुटाई जा रही है, जिससे नीतिगत निर्णय लिए जा सके।

## पेज 11 के शेष

### निगम दस्ते में ...

यादव समेत अन्य कर्मचारी के अलावा पुलिस उप निरीक्षक,प्रधान आरक्षक,दर्जनों महिला-पुरुष जवान सम्मलित थे।

### मोदी की गारंटी ....

था। सरकार बनने पर प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान डीए-डीआर दिया जायेगा। लंबित डीए एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित किया जायेगा। अनियमित, संविदा, दैनिक वेतनभोगी,अतिथि शिक्षक इत्यादि संवर्ग का नियमितीकरण किया जायेगा।

पंचायत सचिवों का किया जायेगा शासकीयकरण : फेडरेशन के पदाधिकारी गजेंद्र श्रीवास्तव ने सरकार से सवाल करते कहा कि मितानिनों,रसोईया एवं सफाई कर्मचारियों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि किया जायेगा। सहित अन्य मुद्दों का वादा किया । लेकिन सरकार बनने के बाद क्रियान्वयन पर मौन धारण करना कर्मचारियों में आक्रोश का कारण बना हुआ है।

### इंदौर की तर्ज पर....

गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी महापौर,आयुक्त, इंजीनियर शामिल हुए। इस कार्यशाला से काफी कुछ सिखने को मिला। संजय पाण्डे ने शहरवासियो से अपिल किया कि वे सुखा व गीला कचरा छांट कर दें। सभी पार्षद अपने वार्डवासियों से निवेदन करें कि वे कचरा संग्रहण करने आए स्वच्छता दीदीयों का पूरा सहयोग करें। हम अपने घरों में सूखा व गिला कचरा अलग अलग रखें। शहर को स्वच्छता के रैंकिंग में नंबर वन लाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, सामाजिक संस्था, आम नागरिक सहयोग करें।

ये रहे मौजूदः बैठक में शहर के लोगों से सफाई व्यवस्था संबंधी सुझाव भी लिए गए। बैठक में निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, निर्मल पानीग्राही,लक्ष्मण झा, योगेंद्र पांडे, संजय विश्वकर्मा,सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, रामनरेश पाण्डे, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पार्षद श्याम सुंदर बघेल, गायत्री बघेल, बसंती समरथ, आशा साहू, पारुल बोथरा,उर्मिला यादव, उमा मिश्रा, रोशन सिसोदिया, नेहा ध्रुव, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, रंजीता पानीग्राही, झरना मोहंती, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### जगदलपुर में किशोर ....

जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री भावना खटवानी द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 में उल्लेखित धारा एवं प्रावधानों को सारग्रभित रूप से समझाया गया। विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी संतोष बैध द्वारा स्टेक होल्डर्स को किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत प्रकरणों की प्रकृति,लंबित रहने के कारण,सामाजिक जॉच प्रतिवेदन के संबंध में चर्चा करते हुए प्रकरणों के निराकरण में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों व अन्य स्टेक होल्डर्स की भूमिका के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

व्यवहारिक समस्याओं के संबंध में चर्चा : कार्यशाला में उपस्थित बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों व अन्य हितधारकों द्वारा विधि से संघर्षरत तथा देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों के प्रकरण के दौरान अपनाई जाने वाली प्रकिया एवं व्यवहारिक समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। जिसका उपस्थित वक्ताओं के द्वारा समाधान किया गया।

ये रहे उपस्थित : कार्यशाला में डीएसपी सुश्री सुशांता लकडा नोडल अधिकारी,विशेष किशोर पुलिस इकाई,जिले के समस्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ,स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग,समाज कल्याण विभाग,आदिम जाति कल्याण विभाग,श्रम विभाग,बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष-सदस्य,स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि, बाल देखरेख संस्थाओं के अधीक्षक व परिवीक्षा अधिकारी के अलावा जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बाल संसद के ...

कतारबद्ध होकर पहुंचे, अपनी आईडी दिखाकर मतदाता सूची में अपना नाम जांचा और फिर वोट डाला। इससे उन्हें वोट देने के अधिकार और जिम्मेदारी का वास्तविक अनुभव हुआ। मतगणना के बाद विजयी छात्र प्रतिनिधियों की घोषणा की गई और सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट एवं बधाई संदेश प्रदान किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कोर्राम ने कहा, लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं,बल्कि एक सोच और जिम्मेदारी है। बच्चों को इसकी शिक्षा किताबों तक सीमित न रहकर, व्यवहार में दी जानी चाहिए। बाल संसद इसी दिशा में एक सार्थक पहल है।

विद्यार्थियों को जागरूक मतदाता बनने की प्रेरणा दी : विद्यालय स्टाफ, छात्रों और अभिभावकों द्वारा इस आयोजन की सराहना की गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षकगण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एक जागरूक मतदाता और योग्य नेतृत्वकर्ता बनने की प्रेरणा दी। इस आयोजन ने न केवल छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से परिचित कराया, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता की भावना भी जागृत की।

खबर संक्षेप

## टाकरागुड़ा स्कूल में हुआ शाला प्रवेश उत्सव



**बस्तर।** शासकीय हाई स्कूल टाकरागुड़ा बस्तर में सादगी और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाला में प्राचार्य राजकिशोर तिवारी की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव की शुरूआत कर तथा छात्र-छात्राओं ने भी अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत किए। बच्चों को तिलक लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं मंगलकामना करते पुस्तक वितरण किया गया। उन्हें प्रोत्साहित करते हुए साक्षरता प्रभारी मीना भदोरिया द्वारा बच्चों को नियमित स्कूल आने को कहा गया और उन्हें अवगत कराया गया कि शिक्षा ही जीवन जीने का मूल आधार है । पुस्तक वितरण कार्यक्रम मे मोतिराम कश्यप, संध्या साव, भीमेस्वरी देवांगन, रजनी तिवारी,गमेश सिंह, हेमंत चापडी ,चैन सिंह ठाकुर एवं स्कूल के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## छात्रों ने गुरूओं के सम्मान में प्रार्थना गीत गाए

**जगदलपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उमावि तितिरगांव में गरिमामय आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर तिलक, चंदन लगाकर तथा आरती कर प्रार्थना की गई। इसके पश्चात शाला में उपस्थित समस्त शिक्षकों का तिलक लगाकर,आरती उतारकर तथा शिक्षकों का पैर छूकर आशीर्वाद छात्राओं ने प्राप्त किया। छात्रों ने गुरुओं के सम्मान में प्रार्थना गीत भी गाए। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता गजेंद्र श्रीवास्तव ने गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि कैसे शिष्य एकलव्य ने अपना अंगूठा काटकर गुरु द्रोणाचार्य को भेंट किया था।

# प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के तहत डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ता कृषि क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, के द्वारा प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना अंतर्गत एग्रीस्टेक परियोजना के तहत सम्पूर्ण देश में कृषक हित में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से नवाचार किया जा रहा है। एग्रीस्टेक परियोजना के तीन भाग है। जिसके अंतर्गत ग्राम का जियो रिफ्रेसिंग सर्वेक्षण नक्शा, राजस्व संबंधित अधिकार अभिलेख, डिजिटल फसल सर्वेक्षण डिजिटल सर्वेक्षण एग्रीस्टेक परियोजना के अगामी चरण के रूप में सभी कृषि भूमिधारक का कृषि भूमि पहचान पत्र एवं कृषि भूमिधारक का पहचान पत्र का निर्माण किया जाना है। द्वितीय चरण में एसडीएम छिंदगढ़ विजय प्रताप खेस के द्वारा ग्राम पंचायत धोबनपाल में एग्रीस्टेक योजना के अंतर्गत किसान पंजीयन कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया गया।

कृषक पंजीयन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य देश भर के कृषि भूमिस्वामी की एक व्यापक और एकीकृत पंजीयन बनाना है, जिससे सही लाभार्थियों तक सरकारी योजनाएं और लाभ सफलतापूर्वक पहुँचे। इसके लिए कृषक पंजीयन हेतु सामान्य सेवा केन्द्र सीएससी को अधिकृत किया गया है। इस हेतु कृषकों से कोई राशि नहीं लिया जाना है। यह पूर्णतः निःशुल्क है। केवाईसी किये जाने हेतु शासन द्वारा सीएससी को 15 रू. प्रति कृषक के मान से भुगतान किया जाएगा।

एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण 15 अगस्त से 30 सितम्बर तक किया जाना प्रस्तावित है, जिसके अनुसार जिले के प्रत्येक ग्राम में खरीफ वर्ष 25-26 में लगाये गए फसलों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जावेगा। सर्वेक्षण कर्तार्ओं का चयन पटवारियों के माध्यम से तहसीलदार द्वारा 15 जुलाई तक किया जाना है। प्रत्येक सर्वेक्षणकर्ता को प्रत्येक सर्वे के लिए एप के माध्यम से सही सर्वेक्षण एवं अपलोड करने तथा स्वीकृत हो जाने के दशा में 10 रू. प्रति खसरा मानदेय आधार संबंध बैंक खातों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

## सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे: गोयल

# विधायक ने किया 3.91 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



ग्राम पंचायत चिंगीतरई में महत्वपूर्ण विकासात्मक पहल के तहत 3 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दरभा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे।

■ ग्रामीण विकास कार्यों की निगरानी में भागीदारी निभाएं

कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, ग्रामीणजन और युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह भूमिपूजन केवल ईंट-पत्थर की नींव नहीं, बल्कि एक समृद्ध, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर दरभा की दिशा में मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, उनमें प्रमुख रूप से सड़कों का निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, पेयजल सुविधा, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और बिजली व्यवस्था जैसे मूलभूत विकास कार्य शामिल हैं।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे। मेरी प्राथमिकता है कि गांवों में सुविधाओं का विस्तार हो, ताकि वहां रहने वाले लोग बेहतर जीवन जी सकें। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि सभी कार्यों को तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे कार्यों की निगरानी में भागीदारी निभाएं और किसी भी अनियमितता की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों या विधायक प्रतिनिधियों को दें।

ग्रामीणों ने कार्यक्रम को लेकर गहरी संतुष्टि जताई और कहा कि विधायक के प्रयासों से वर्षों से लंबित विकास कार्य अब धरातल पर उतरते दिख रहे हैं। महिला समूहों और युवाओं ने सामुदायिक भवन और सड़क निर्माण को बेहद उपयोगी बताया। विधायक ने समापन पर कहा जनता का विश्वास ही मेरी ताकत है। विकास की यह यात्रा तभी सफल होगी जब हम सब मिलकर इसे आगे बढ़ाएं।

मैं आप सभी से अपील करता हूं कि विकास कार्यों की निगरानी करें, सुझाव दें और एक समृद्ध दरभा के निर्माण में सहभागी बनें। कार्यक्रम में चित्रकोट जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, जनपद सदस्य कमलु कवासी, जिला मंत्री बाबुल नाग पूर्व मण्डल अध्यक्ष फुल सिंह सेठिया, अनंतराम कश्यप, धर्मेंद्र ठाकुर सरपंच गुमड़पाल, सन्नु पोडियाम, ललीता नाग, रमेश मण्डावी, बुधराम कवासी, सिताराम नाग, सिताराम मौर्य, मुन्नु सिंह, दुर्जन सिंह कश्यप, जनपद सीईओ बिरेन्द्र बहादुर, समस्त ग्राम पंचायत सचिव एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिलाओं को दिए रसायन मुक्त खेती की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा द्वारा गीदम ब्लॉक की कृषि सखियों हेतु प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को रासायन मुक्त खेती, पारंपरिक कृषि पद्धतियाँ, एवं जैविक संसाधनों के उपयोग की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में केवीके के वैज्ञानिक डॉ. प्रवीन निषाद ने मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, रसायनों के बिना कीट प्रबंधन, मल्टी क्रॉपिंग एवं फसल चक्र जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी, साथ ही जीवामृत, बीजामृत, और मल्टी क्रॉपिंग प्रणाली पर व्यावहारिक सत्र भी लिए। प्रशिक्षण में कुल 52 कृषि सखियों ने भाग लिया और प्राकृतिक खेती को अपनाकर क्षेत्रीय कृषि को टिकाऊ और स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। ए.के. नेताम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और कृषि विविधीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कृषि सखियों से आग्रह किया कि वे जैविक पद्धतियों को अपनाकर गांवों में जागरूकता फैलाएं। इस अवसर पर राष्ट्रीय मत्स्य दिवस भी मनाया गया। अशोक पुनेम, सहायक मत्स्य अधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में मछली पालन के अवसर, जल स्त्रोतों का उपयोग, एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन कम लागत में अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय बन सकता है। डॉ. मनोहर, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, ने पशुधन आधारित कृषि प्रणाली पर व्याख्यान दिया और गौ आधारित जैविक खेती में गाय के गोबर, मूत्र और गौपालन की भूमिका पर प्रकाश डाला। एनआरएलएम से सौरभ दत्ता ने महिला समूहों की भूमिका, स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण, और प्राकृतिक खेती को उद्यम मॉडल के रूप में विकसित करने की रणनीतियों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की एक विशेष पहल के रूप में, एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत सभी अतिथियों और प्रतिभागियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस नारियाल के पौधे लगाए गए।



# एशिया कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में खेलेंगी बेटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

एशिया कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन शियान, चाइना में 14 से 20 जुलाई तक किया जा रहा है। इसमें भाग लेने वाले भारतीय दल में छत्तीसगढ़ से दो खिलाड़ी जिसमें बीजापुर, आवापली की चंद्रकला तेलम एवं पामगढ़ की शालू डहरिया का चयन किया गया है तथा भारतीय टीम के कोच बीजापुर के सोपान कणेर्वार बनाए गए हैं।

■ भारतीय टीम के कोच बीजापुर के बनाए गए हैं

इस टूनार्मेंट की विजेता एवं उपविजेता टीम को वर्ल्ड कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा। भारतीय दल में चयन के पूर्व चंद्रकला तेलम को कठिन परीक्षण से गुजरना पड़ा है। पहला चयन परीक्षण 2 से 3 फरवरी को अनंतपुर, आंध्र प्रदेश में आयोजित किया गया । श्रीनगर जम्मू में अंतिम चयन परीक्षण आयोजित कर खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया। इंदौर में स्पेशल कोचिंग कैंप का आयोजन हुआ तथा भारतीय दल का गठन किया गया। भारतीय दल को श्रीनगर में तथा नई दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। भारतीय दल 13 जुलाई को नई दिल्ली से शियान, चीन के लिए प्रस्थान करेगा। भारतीय टीम में शामिल चंद्रकला तेलम 8 बार नेशनल चैंपियनशिप में खेल चुकी है। सोपान कणेर्वार भी इसके पहले पिंगटन सिटी, चाइना में आयोजित अंडर-18 एशियन सॉफ्टबॉल चैंम्पियनशिप में भारतीय टीम के कोच रह चुके हैं। इनके कोचिंग में अब तक 147 खिलाड़ी नेशनल और 11 खिलाड़ी इंटरनेशनल लेवल पर खेल चुके हैं। बीजापुर जिले का भारतीय टीम में प्रतिनिधित्व कर इन उपलब्धियां में बीजापुर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा, खेल प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल ने हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को हार्दिक बधाइयां एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जनता को बार-बार नहीं लगाने पड़ेंगे नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



गीदम नगर में अब जनता को बार-बार किसी भी कार्य या समस्या के लिए नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसके लिए नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से करने हेतु नगर पंचायत कार्यालय में समस्त विभागों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने यहां अधिकारी, कर्मचारियों को सुव्यवस्थित ढंग से काम करने , स्टाफ पर्ची मेंटेन करने समेत जनता के हित में काम करने जैसे कई निर्देश दिए है।

■ अध्यक्ष रजनीश ने ली समस्त विभागों की बैठक, जनता के हित मे दिए कई निर्देश

इस दौरान सभी विभागों का बंटवारा भी किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश ने बताया कि नगर की जनता को किसी भी काम के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए एक कर्मी द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में रजिस्टर मेंटेन किया जाएगा जिसमे अगर कोई व्यक्ति कार्यालय में किसी काम या समस्या को लेकर आता है और उस समय उक्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी से की मुलाकात नही हो पाती है तब उक्त कर्मी द्वारा नाम व सम्पर्क नम्बर लिया जायेगा और काम या समस्या रजिस्टर में इंट्री किया जाएगा । इसके बाद उक्त विभाग के अधिकारी-कर्मी जैसे ही ऑफिस पहुँचेंगे उन्हें इसकी जानकारी दी जाएगी और काम होने पर व्यक्ति को फोन से सूचना दी जाएगी।

अगर जरूरत पड़ेगी तो ही कार्यालय दोबारा बुलाया जाएगा अन्यथा नही। ऐसे में एक ही काम के लिए आम जनता को बार-बार नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस दौरान बैठक में टैक्स वसूली करने पर भी कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए। टैक्स वसूली के सम्बंध में सख्ती दिखाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि निकाय की स्थिति कमजोर है, कर्मचारी दिन रात नगर के लिए काम करते है, इसके साथ ही छोटे कर्मियों की आर्थिक स्थिति भी उतनी सुदृढ नही रहती है ऐसे में उन्हें समय से नियमित मेहनताना भी जरूरी है इसके लिए उन्होंने टैक्स वसूली पर भी तेजी लाने के निर्देश दिए है। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि नगर में जो भी आर्थिक रूप से कमजोर है उन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा हमारी कोशिश यह रहेगी कि कैसे उनके लिए विकास कार्य किया जाए।

सिस्टम को दुरुस्त करके नगर के हित मे काम करेंगे और जनता का काम जितनी आसानी से हो सके उस ओर हम कदम बढ़ाएंगे। इस दौरान बैठक में पार्षद अवधेश गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधिगण, सीएमओ हुलसी प्रधान, नगर पंचायत के समस्त कर्मी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों पर किया ग्रामीणों को जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बोड़नपाल में एसबीआई संजीवनी तथा परिवर्तन समाज विकास समिति ने ग्राम पंचायत बोड़नपाल में विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर जागरूकता अभियान किया।

जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर गांव के सभी ग्रामवासियों को संजीवनी टीम ने जनसंख्या वृद्धि की दर को लेकर जनजागरूक किया। साथ ही परिवार नियोजन, स्वास्थ सेवाओं और गर्भ निरोधक उपायों के प्रति जागरूक किया। जिला समन्वयक के द्वारा लैंगिक समानता, युवा सशक्तिकरण, शिक्षा , प्रजनन स्वास्थ और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर जैसे मुद्दों को उजागर किया । डॉक्टर के द्वारा गरीबी, बेरोजगारी और पर्यावरणीय दबाव जैसे मुद्दों का जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों को समझाया। साथ ही सरकारों की जनसंख्या नीति या विचार के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ग्राम के सरपंच रयमाती मौर्य, उपसरपच सुकलाल बघेल, सचिव धनुर्जय नाग, आनगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री बघेल साथ ही जिला समन्वयक सूरज पटनायक , डॉक्टर विभाष ओझा, डॉक्टर हिरमा, फार्मासिस्ट रवींद्र , लैब टेक्नीशियन पल्लवी, स्टाफ नर्स पूर्वा पायलट अशोक की उपस्थिति रही।

# युक्तियुक्तकरण से ग्रामीण स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में आया सुधार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

राज्य शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का सकारात्मक असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन ने बताया कि सुकमा विकासखंड में कुल 246 शासकीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 181 प्राथमिक शाला, 65 माध्यमिक शाला, 13 हाई स्कूल और 7 हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण से पूर्व विकासखंड में 1 विद्यालय शिक्षक विहीन था और 42 विद्यालय एकल शिक्षक पर संचालित हो रहे थे। शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण की पारदर्शी प्रक्रिया से इन विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की गई, जिससे अब छात्र-छात्राओं को नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के बाद विद्यालय में शिक्षकों की संख्या में संतुलन आया है जिससे छात्रों को पढ़ाई के लिए बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन मिल रहा है। इसके चलते बच्चों की उपस्थिति में भी सुधार देखा गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि यह पहल विशेषकर ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब छात्र नियमित रूप से कक्षा में सभी विषयों की पढ़ाई कर पा रहे हैं और उन्हें किसी बाहरी सहायता की आवश्यकता नहीं रह गई है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
TEAM CREATIVE
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

AISECT
RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS
For Implementing Vocational Training under CSS-VSHSE across Govt. Schools in Chhattisgarh
Contractual-Institutional Positions for Sector: "Power"
Application are invited from eligible candidates for the position of Vocational Trainers in the above said sector for the implementation of CSS-VSHSE, in various Government Schools of Chhattisgarh
Remuneration (CTC) - Rs 20,000 per month
Age Limit - 18-37 years (As on 01/01/2025)
Online Application Link https://www.aisect.org/CG-VTrecruitment2025

| SECTOR | LOCATION (Districts) |
| --- | --- |
| Power | Balod, Balodabazar, Balrampur, Bemetara, Bilaspur, Dhamtari, Durg, Gariaband, Janjgir-Champa, Jashpur, Kanker, Kawardha, Korba, Mohala-Manpur-Chowki, Raipur, Sakti |

Last date of receipt of application : 15/07/25 (5:00 PM) IST
QUALIFICATION & EXPERIENCE
Power: Bachelor of Engineering/Technology in Electrical/EEE Engineering from a Recognized Institute/University with atleast one year work/teaching experience or Diploma in Electrical/EEE Engineering with three years of work/teaching experience
Desirable : 1) Certified Master Trainer from SSC in this job role
Minimum Competency: 1) Effective Communication Skills (Oral & Written) 2) Basic Computing Skills
Candidates shortlisted on the basis of details filled online will have to go through written test followed by an interview. Selected candidate will be asked to join within short notice.
सभी अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी. पद में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। वह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रक्रिया पारदर्शिता निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखें। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।
To Apply, Scan The QR Code
7000240756
Call Between 11:00 AM To 05:00 PM

**शपथ पत्र**

मैं संगी लाल मरकाम पिता डोरी राम आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम प्लाट पारा चिचाड़ी तहसील फरसगांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्नलिखित सत्य कथन करता हूं:-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे पुत्री के नाम से भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण आधार कार्ड क्रमांक 441632485103 जारी किया गया है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश कुमार साधना मरकाम (KUMAR SADHNA MARKAM) है।
3. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम साधना मरकाम ( SADHNA MARKAM), है जो कि जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम को संशोधन कर वास्तविक नाम साधना मरकाम (SADHNA MARKAM) अंकित करवाना चाहता हूं।
5. यह कि यह शपथ पत्र उक्त आशय के समर्थन में प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं संगी लाल मरकाम पिता डोरी राम आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम प्लाट पारा चिचाड़ी तहसील फरसगांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.) सत्यनिष्ठापूर्वक घोषित करता हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कण्डिका क्रमांक 01 से 05 तक की अंतर्वस्तु मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सही है आज दिनांक 10/07/2025 को स्थान कोण्डागाव में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

सत्यापनकर्ता

**शपथ पत्र**

मैं धनसिंग नाग पिता गंगा राम आयु 26 वर्ष निवासी 108 बड़ेपारा कामानार, तहसील दरभा, जिला बस्तर छत्तीसगढ़ शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम दुर्जन नाग पिता गंगा अंकित है यह आधार नंबर 4507 8883 0652 है।
3. यह कि मुझे घर में दुर्जन नाग के नाम से पुकारते एंव जानते है।
4. यह कि मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम धनसिंग नाग पिता गंगा राम अंकित है।
5. यह कि दुर्जन नाग पिता गंगा एवं धनसिंग नाग पिता गंगा राम दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है अर्थात मेरा ही नाम है।
6. यह कि आधार कार्ड में दुर्जन नाग पिता गंगा के स्थान पर धनसिंग नाग पिता गंगा राम दर्ज करवाना चाहता हूं।
7. यह कि आज दिवस के पश्चात मुझे दुर्जन नाग पिता गंगा के स्थान पर धनसिंग नाग पिता गंगा राम के जाना, पहचाना एवं लिखा जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता आवश्यक : आर्य



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज शुक्रवार को धरमपुरा स्थित आस्था निकुंज वृद्धा आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों से भेंट की, उनका कुशल क्षेम जाना और वृद्धा आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया। आस्था निकुंज परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड में मलेरिया,डेंगू आदि जैसी बीमारियों से बचाव के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी मेडिकेटेड मच्छरदानी का वितरण वार्ड पार्षद बसंती समरथ द्वारा आरंभ किया गया।

### पीएम श्री विद्यालय में किया शिविर



**जगदलपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में आयोजित बुलबुल शिविर का दिन उत्साह, अनुशासन और विविध गतिविधियों से भरपूर रहा। सुबह राउज कॉल, बी.पी. सिक्स और योगाभ्यास से दिन की शुरूआत हुई। डेन निरीक्षण, नाश्ते और ध्वज वंदन के पश्चात प्रतिभागियों ने तृतीय एवं चतुर्थ चरणों का प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें प्राथमिक उपचार, नेतृत्व कौशल, समाज सेवा और इंद्रिय ज्ञान गतिविधियाँ शामिल थीं।

दिन का मुख्य आकर्षण ग्रैंड कैम्प फायर सायंकाल ग्रैंड कैम्प फायर का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथियों मीरा हिरवानी एवं कंचन विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतिभागियों ने देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, लघु नाटक जैसी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# शाला प्रबंधन समिति के जरिये विद्यार्थियों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में भी योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता 2 में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला भालुगुड़ा में किया गया है, जिसका उद्देश्य स्कूल के विकास और प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी बढ़ाना है।

पूर्व माध्यमिक शाला भालुगुड़ा में विजय मंडावी को अध्यक्ष और बुटलू मंडावी को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है। वहीं प्राथमिक शाला भालुगुड़ा में फरसु राम कश्यप को अध्यक्ष और साधु कश्यप को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है। शाला प्रबंधन समिति के गठन से स्कूल के विकास में समुदाय की भागीदारी बढ़ेगी और स्कूल की गुणवत्ता में सुधार होगा। समिति के सदस्य विद्यालय के क्रियाकलापों और कार्यकरण की निगरानी करेंगे और विद्यालय के विकास के लिए आवश्यक विकास राशि जुटाने पर विचार-विमर्श और निर्णय लेंगे।

■ प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय भालुगुड़ा में विद्यालय प्रबंधन समिति का किया गठन

शाला प्रबंधन समिति के गठन से न केवल स्कूल के विकास में मदद मिलेगी, बल्कि विद्यार्थियों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में भी योगदान मिलेगा। समिति के सदस्य विद्यालय की बेहतरी के लिए स्वयं के नियम बनाकर उन पर अमल करेंगे और विद्यालय के विकास में अपनी भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता 2 के सरपंच ईश्वर मंडावी, जगरु कश्यप, मनोज कुमार ठाकुर, बालसिंह मौर्य, सुखराम मंडावी,नंदो ठाकुर, तुला पोयाम प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक चैतन भूआर्य, चुम्मन सिंह ठाकुर एवं शिक्षक शिक्षिकाओं सहित पालकगण उपस्थित रहे।

## एससी नगरनार, लोहण्डीगुड़ा व न्यू स्टार फुटबाल क्लब को हराया

# मैत्री संघ, आड़ावाल व यंगस्टार फुटबाल क्लब ने जीते अपने मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में आयोजित स्व सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफए ट्राफी कम नॉक ऑउट फुटबाल स्पर्धा में शनिवार को तीन मैच खेले गए। मैत्री संघ, आड़ावाल व यंगस्टार फुटबाल क्लब ने एससी नगरनार, लोहण्डीगुड़ा व न्यू स्टार फुटबाल क्लब को हराकर पाईट टेबल में बढ़त बनाने में कामयाब रही।

शनिवार को पहला मुकाबला मैत्री संघ विरूध

■ आज जंगबाज विरूध भेजापदर, नगरनार विरूध लिटिल स्टार व फुटाल एकेडमी विरूध लालबाग के मध्य मुकाबला



एससी नगरनार के मध्य खेला गया। मैत्री संघ की ओर से जर्सी नम्बर 8 आकिब ने 19 वें मिनट में तथा जर्सी नम्बर 19 कुनाल ने 53 वें मिनट में अपनी टीम के लिए दो गोल किए इसके मुकाबले नगरनार की ओर से एकमात्र गोल जर्सी नम्बर 16 सुखराम बघेल ने 50 वें मिनट में किया। इस मुकाबले में मैत्री संघ के अर्थ कुशवाहा को यलो कार्ड दिखाया गया। इस मैच में मुख्य निर्णायक सुमीत नाग के अलावा सूरज खरे, अजीत आलम व मोतीलाल पोयाम रहे। स्पर्धा का दूसरा मुकाबला आड़ावाल विरूध लोहण्डीगुड़ा के मध्य खेला गया। आड़ावाल की ओर से नीतिन, संजय, गनेश व विकाश ने अपनी टीम के लिए 5 गोल किए। इसके मुकाबले लोहण्डीगुड़ा की ओर से एकमात्र गोल आनंद ने किया। इस मुकाबले में मुख्य निर्णायक अजीत आलम के अलावा सूरज खरे, विक्की पोडाल व नितेश लाल रहे।

### एकतरफा मुकाबले में यंगस्टार की जीत

शनिवार का स्पर्धा का तीसरा मुकाबला न्यू स्टार विरूध यंगस्टार फुटबाल क्लब के मध्य खेला गया। यह मुकाबला एकतरफा साबित हुआ न्यू स्टार की ओर से एकमात्र गोल युवराज ने किया जबकि यंगस्टार की ओर से आदित्य, साहिलकांत, अविनाश, रोहन, राज नाग व ओमप्रकाश ने एक के बाद एक कुल 10 गोल कर जीत दर्ज की। इस मैच में मुख्य निर्णायक विश्वजीत भट्टाचार्य के अलावा सुमीत नाग, सोहन बेसरा व राहुल लाल रहे। स्पर्धा में रविवार को तीन मैच खेले जाएगें। पहला मैच जंगबाज विरूध भेजापदर व दूसरा मुकाबला नगरनार विरूध लिटिल स्टार तथा तीसरा मुकाबला फुटबाल एकेडमी विरूध वायएफसी लालबाग के मध्य होगा।

# शिविर में 200 यूनिट ब्लड डोनेट, युवाओं को दिलाई नियमित रक्तदान की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रोटरी क्लब ऑफ एवं नगरनार स्टील प्लांट के संयुक्त तत्वाधान पर प्लांट मे स्थित औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनार मे ईडी एम एनवीएस प्रभाकर एवं रोटरी क्लब अध्यक्ष राहुल जैन के दिशा निर्देश में एवं महापौर संजय पांडे की उपस्थिति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगरनार स्टील प्लांट में काम करने वाले अधिकारी, कर्मचारी गण,वर्कर,रोटरी मेंबरो ने उत्साह पूर्वक भागीदारी निभाई। शिविर में 200 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

महारानी एवं डिमरापाल हॉस्पिटल से आये डॉक्टरगणों की टीम ने रक्तदाताओं को नियमित रक्तदान के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें समय-समय पर रक्तदान करने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान उपस्थित युवाओं मे रक्तदान के प्रति उत्साह देखने को मिला।सभी रक्तदाताओं को रोटरी क्लब ऑफ द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया एवं प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। महापौर संजय पांडे ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल रक्त संग्रहण था बल्कि समाज में निस्वार्थ सेवा भावना और मानवता के प्रति कर्तव्य बोध को भी जागृत करना रहा। विशेष रूप से मैं रोटरी परिवार को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने यह पुनीत कार्य किया। नगरनार स्टील प्लांट के ईडी प्रभाकर ने कहा रक्तदान न केवल जरूरतमंद की जान बचाने का कार्य करता है बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है।

### नियमित रक्तदान से शरीर में बना रहता आयरन का संतुलन

रोटरी क्लब ऑफ के अध्यक्ष राहुल जैन ने कहा नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है, हृदय रोग का खतरा कम होता है और रक्त संचार प्रणाली बेहतर बनी रहती है उन्होंने कहा समाज में किसी भी समय रक्त की जरूरत पड़ सकती है ऐसे में प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए। जिन्होंने हमारे रोटरी परिवार को यह पुनीत कार्य करने का अवसर प्रदान किया। रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से डॉ राज किशोर नायक,डॉ.यामिनी सिंह,डॉ डाकेश रात्रे,डॉ राजीव जैन सीएमओ,सचिव रो अमरदीप सोढ़ी,चेयरमेन रो मनोज थॉमस, कुलजीत,किशोर पारख, सुनील जैन,जीतेन्द्र अहलुवालिया, प्रकाश चावड़ा,कमल शेट्टी, संजय बथवाल, दीपक कपूर, श्रीधर मद्दी, डॉ सरिता थॉमस, विवेक जैन, अमित जैन, संग्राम सिंह राणा, लाइबा चामडिया,ममता राणा, आसिफ, अप्रतिम झा सहित रोटरी सदस्य एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।



# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के परिणाम घोषित बस्तर जिले के प्रदर्शन राज्य से बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों के प्रदर्शन को समझना महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 2001 से, एनसीआरटी द्वारा राष्ट्रव्यापी उपलब्धि सर्वेक्षणों के माध्यम से भारत के स्कूली शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि करता आ रहा है। जिसका परिणाम है कि हम योग्यता-आधारित शिक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षा के एक नए युग में कदम रख रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अपेक्षाओं को पूरा करने में आगे की कड़ी परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लेखित महत्वाकांक्षी उद्देश्यों के साथ विशेष रूप से संरेखित फाउंडेशनल, प्रारंभिक और मध्य चरणों में शिक्षार्थियों की प्रगति का व्यापक मूल्यांकन करेगा। 4 दिसंबर 2024 को निर्धारित इस ऐतिहासिक सर्वेक्षण में 75,565 अद्वितीय स्कूल शामिल हुए, जो ग्रेड 3, ग्रेड 6 और ग्रेड 9 में 22,94,377 से अधिक छात्रों तक पहुंचे तथा भाषा, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और हमारे आस-पास की दुनिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों में दक्षताओं का सावधानीपूर्वक आकलन किया । 4 दिसंबर 2024 को राष्ट्र स्तर पर सम्पन्न हुई इस परीक्षा की रिपोर्ट के अनुसार बस्तर जिले के कुल 91 स्कूल से 2255 विद्यार्थी एवं 339 शिक्षक सैंपल के आधार पर परिणाम जारी कर दिए गए हैं। बस्तर कलेक्टर हरीश एस. के देखरेख एवं उनके मार्गदर्शन में जिले में सम्पन्न हुई इस परीक्षा के परिणाम विगत कई वर्षों में जिले द्वारा किये गए प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए देश और छत्तीसगढ़ राज्य से भी बेहतर प्रदर्शन किया है। परख के आधिकारिक वेबसाइट में जारी परिणाम के आधार पर बस्तर जिले के प्रदर्शन का ब्यौरा देखा जा सकता है।

■ शिक्षा के एक नए युग में कदम रख रहे

# केवल ज्ञान ही नहीं धैर्य और अनुशासन से परीक्षा उत्तीर्ण करते विद्यार्थीः दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ज्ञानगुड़ी में अध्ययनरत छात्रों को आगामी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट, जेईई, पीएटी, नर्सिंग की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से सहायक कलेक्टर विपिन दुबे ने छात्रों को प्रभावी ढंग से तैयारी करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण टिप्स और रणनीतियां बताई। शनिवार को ज्ञानगुड़ी में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नीट, जेईई, पीएटी, बीएससी नर्सिंग, पीईटी, आईआईएसईआर परीक्षा केवल ज्ञान की नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन और सही रणनीति की भी परीक्षा है। उन्होंने कहा कि सही दिशा में किया गया प्रयास निश्चित रूप से सफलता दिलाता है।

■ सही दिशा में किया गया प्रयास निश्चित रूप से दिलाती सफलता

उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिए कि पाठ्यक्रम और समय प्रबंधन में सबसे पहले, एनसीईआरटी आधारित परीक्षा के पूरे पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से समझें। प्रत्येक विषय के लिए एक समय सारिणी बनाएं। कठिन विषयों पर अधिक समय दें, लेकिन किसी भी विषय को पूरी तरह से नजरअंदाज न करें। विषयों की समझ पर ध्यान दें।

रट्टा मारने के बजाय, अवधारणाओं को समझने पर जोर दें। यदि आपकी नींव मजबूत होगी, तो जटिल प्रश्नों को हल करना आसान हो जाएगा। महत्वपूर्ण सिद्धांतों, सूत्रों और जीव विज्ञान के डायग्राम को दोहराते रहें। अभ्यास और मॉक टेस्ट जो ज्ञानगुड़ी में प्रति सप्ताह होता है, नियमित रूप से दें और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करें। यह आपको परीक्षा पैटर्न, समय प्रबंधन और अपनी कमजोरियों को समझने में मदद करेगा। मॉक टेस्ट देने के बाद, अपनी गलतियों का विश्लेषण करें और उन्हें सुधारने पर काम करें। क्योंकि ज्ञानगुड़ी के शिक्षक आपके प्रश्न के उत्तर व निराकरण के लिए है। साथ ही साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखें ,यह सबसे महत्वपूर्ण है। अपनी पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। पर्याप्त नींद लें, पौष्टिक भोजन खाएं और हल्का व्यायाम करें। तनाव को दूर करने के लिए छोटे-छोटे ब्रेक लेना और अपनी पसंद की गतिविधियां करना फायदेमंद होगा। सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है। अपने ऊपर विश्वास रखें और खुद को हतोत्साहित न होने दें। यदि आप तनाव महसूस करते हैं, तो अपने शिक्षकों, माता-पिता या प्रभारी अलेकजेंडर चेरियन से बात करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन विद्यार्थियों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी छात्रों को उनकी आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि वे लगन और मेहनत से अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।

# गढ़िया में किसानों के बीच किया अरहर बीज का वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/लोहंडीगुड़ा

गढिया निरंतर विकास के पद पर अग्रसर है ग्रामवासियों में जागरूकता के मंत्र फूंकने के साथ विविध उपक्रमों से ग्रामवासियों को लाभ देने ग्राम पंचायत के युवा सरपंच भरत कश्यप निरंतर सक्रिय रहते है इसी क्रम में आज लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के कृषि विभाग के अधिकारी एवं सरपंच भरत कश्यप द्वारा ग्राम के किसानों के बीच अरहर बीज का वितरण किया गया। इस दौरान सरपंच ने कहा कि उचित रखरखाव के बीच अन्य समुचित प्रबंध से उचित पैदावार के लिए किसान जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि मेहनतकस हमारे किसान इस तरह के मौके का अधिक से अधिक लाभ लेने तैयार हैं। शासन प्रशासन और विभाग अधिक से अधिक किसानों के उन्नति और बेहतरी के लिए लगे है यह बहुत ही स्वागतेय और उत्साहवर्धन करने वाला है।

■ कृषि अधिकारी एवं सरपंच द्वारा बीज वितरण कार्य सम्पन्न

इस दौरान उपसरपंच संतू कश्यप, बोंजाराम मौर्य, कपीलदेव कश्यप, झूलूराम, सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

# सर्वसमत्ति के बिना हटाया जा रहा था शहीद स्मारकः तुलिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

पुरातन नगरी बारसूर में शहीदों के अपमान का मामला सामने आया है। जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने आज बारसूर पहुंच कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। मामला शहीद स्मारक को हटाने से जुड़ा हुआ है। जानकारी देते हुए जिपं सदस्य तुलिका कर्मा ने बताया कि नपं बारसूर में कारगील युद्ध में शहीद हुए जवानों के याद में स्मारक का निर्माण कराया गया था। कुछ दिनों से अचानक इसे हटाने के लिए खुदाई की जा रही थी, जिसे लेकर आम लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना किसी सोच विचार कर नपं के अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेश पर यह सब कार्य हो रहा है।



तुलिका ने कहा कि परिषद में इस मामले को बिना पारित कराए यह कार्य किया जा रहा था। मामला शहीदों के सम्मान से जुड़ा हुआ है, इसमें लापरवाही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ के साथ बैठक कर मामले को परिषद में पारित कर सर्व सहमति से रास्ता निकालने को कहा गया है तब तक कार्य बंद करने की हिदायत दी गई है। तुलिका ने कहा कि नपं बारसूर में भाजपा की सत्ता आने के बाद से ही लगातार गड़बड़ी हो रही है। व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने शहीदों के नाम से बनाए गए स्मारक को हटाया जा रहा है, जो सीधे हमारे देश के लिए बलिदान हुए जवानों का अपमान है। बारसूर में बिना परिषद में पारित किए कई कार्य भाजपा करवा रही है, जिससे बारसूर में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है।

# नहीं होगा कोई ड्रॉप आउट हर बच्चा जाएगा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे वेंडे स्कूल दयाकाल अभियान अंतर्गत शत-प्रतिशत नामांकन हेतु ग्राम पंचायतों में ग्राम शिक्षा समितियों के साथ बैठक आयोजित कर पालकों और ग्रामीणों ने हर बच्चे को स्कूल भेजने का संकल्प लिया। बीजापुर जिले में शिक्षा को जन आंदोलन का रूप देते हुए वेंडे स्कूल दयाकाल नामक विशेष नामांकन अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार के नेतृत्व में चल रहे अभियान में 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को चिन्हांकित कर उन्हें विद्यालयों, विशेषकर आवासीय विद्यालयों में पुनः नामांकित करने की रणनीति बनाई गई है। अभियान के तहत 9 जुलाई को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम शिक्षा समितियों की बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों में स्थानीय प्रशासन, शिक्षक, पालक और समुदाय एकजुट होकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

बैठक में ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों ने 9 से 14 वर्ष के बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन का संकल्प लेते हुए सामूहिक शपथ लिया और पंचायतों में जागरूकता रैलियाँ निकाली गई ।

अभियान अंतर्गत गांव-गांव में बच्चों की पहचान कर उनके परिवारों से संपर्क कर स्कूल में पुनः दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। चिन्हित बच्चों को सूचीबद्ध कर आवासीय विद्यालयों में नामांकन करने की प्रक्रिया की जा रही है। जिले में क्षेत्र के वातावरण के हिसाब से स्थानीय बोली में भी ग्रामीणों को शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन करने की समझाइश दी गई।

अभियान अंतर्गत नामांकन को बढ़ावा देने के साथ समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता और उत्तरदायित्व का भाव भी पैदा कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण सतत शिक्षा से जोड़ने की मुहिम चलाई जा रही है।

